Raj Express (Indore), 29th August 2025, Page-03

# आईआईटी इंदौर के प्रोफे. सरकार एनएटी पुरस्कार से होंगे सम्मानित

## शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति करेंगी सम्मानित

**इंदौर/ राज न्यूज नेटवर्क**

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के उच्चतर शिक्षा विभाग ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार (एनएटी) 2025 के लिए देश भर के उच्चतर शिक्षा संस्थानों (एचईआई) और पॉलिटेक्निक से 21 प्रतिष्ठित शिक्षकों के चयन की घोषणा की है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की परिकल्पना के तहत 2023 में स्थापित, यह पुरस्कार उन शिक्षकों को सम्मानित करता है जो शिक्षण में नवाचार, समर्पण और उत्कृष्टता का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। आईआईटी इंदौर के रसायन विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. देबायन सरकार को मूल विज्ञान (प्योर साइंस) श्रेणी में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया है। यह पुरस्कार भारत की राष्ट्रपति द्वारा 5 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया जाएगा।



डॉ. सरकार का चयन नवोन्मेषी, समावेशी और जिज्ञासा-आधारित शिक्षण पद्धतियों को आगे बढ़ाने में उनके उत्कृष्ट योगदान का प्रमाण है।

**इंदौर के लिए अत्यंत गौरव की बात:** वर्षों से, उन्होंने अनगिनत छात्रों को न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र-निर्माण के मूल्यों को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया है। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब आईआईटी इंदौर के किसी संकाय सदस्य को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। इस अवसर पर, आईआईटी इंदौर के निदेशक, प्रो. सुहास जोशी ने कहा यह सम्मान आईआईटी इंदौर के लिए अत्यंत गौरव की बात है।